राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के सानिध्य में राजभवन में 'एट होम' आयोजित

जयपुर, 15 अगस्त। राजभवन में 15 अगस्त, शुक्रवार सायं एट होम का आयोजन हुआ। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के सानिध्य में आयोजित हुए एट होम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जनों सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित हुए।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने आगंतुकों से मुलाकात कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। एट होम में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधिगण, कुलगुरु, प्रशासन और पुलिस के अधिकारी, न्यायाधीपतिगण, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।

———————











